नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आधार पर निर्धारित नवीनतम पाठ्यक्रमानुसार

# हिंदी व्याकरण

भाग 1

लेखिका :
रूपल गर्ग

अनेक शब्दों के लिए एक शब्द
सर्वनाम
विलोम शब्द
विशेषण
संज्ञा
भाषा और व्याकरण
कहानी-लेखन
वाक्य
वर्ण और वर्णमाला
लिंग
स्वरों की मात्राएँ
शुद्ध रूप
क्रिया
पर्यायवाची शब्द
वचन
निबंध-लेखन
शब्द-विचार



# हिंदी व्याकरण

© सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

इस पुस्तक की विषयवस्तु, चित्र आदि प्रकाशन की संपत्ति हैं। इनका सर्वाधिकार सुरक्षित है। प्रकाशक की अनुमति के बिना पुस्तक के किसी भी भाग का पूर्णत: या अंशत: प्रकाशन, छायाप्रति, अनुवाद या किसी अन्य विधि से इसका उपयोग करना वर्जित है।

सर्वोदक गण :

आशीष गुप्ता

लेसर टाईप सेटिंग :

एम॰ ग्राफिक्स
(9760971010)

# हिंदी व्याकरण

## प्राक्कथन.....

मानव-मुख से निकली सार्थक वाणी को 'भाषा' कहते हैं। भाषा से ही मानव अपने विचारों का आदान-प्रदान करता है। किसी भाषा के अध्ययन-अध्यापन के लिए उस भाषा के व्याकरण का ज्ञान होना आवश्यक है। वास्तव में व्याकरण का यह ज्ञान ही भाषा का उचित प्रयोग करना सिखाता है। जिस प्रकार गुरु ज्ञान के बिना मानव जीवन अधूरा है उसी प्रकार व्याकरण के ज्ञान के बिना शुद्ध और मानक भाषा का ज्ञान भी अधूरा है।

**'हिंदी व्याकरण'** पुस्तकमाला के अंतर्गत प्रकाशित पुस्तकें व्याकरण को उसकी जटिलताओं से मुक्त कराकर बालक को भाषा के शुद्ध एवं मानक रूप का ज्ञान कराने में अध्यापकों के लिए निश्चित रूप से सहायक सिद्ध होंगी।

### पुस्तकमाला के प्रमुख आकर्षण :


- विषय के केन्द्र में छात्रों की बौद्धिक क्षमता और उसके संतुलन को विचारपूर्ण दृष्टि से रखा गया है।
- भाषा, व्याकरण, वर्णमाला, शब्द रूपों से संबंधित विषयों को व्यावहारिक उदाहरणों व लक्षणों सहित संबंधित चित्रों के साथ समझाया गया है।
- प्रत्येक पुस्तक में अभ्यासों की योजना इस प्रकार से की गई है कि विद्यार्थियों के अर्जित ज्ञान को परखा जा सके।
- वर्णों के ज्ञान तथा उनके शुद्ध उच्चारण, शब्दों की शुद्ध वर्तनी तथा शुद्ध वाक्यों की रचना पर विशेष बल दिया गया है।
- भाषा-रचना पर भी कक्षा-स्तर के अनुरूप विशेष सामग्री नमूने के रूप में उपलब्ध की गई है। इसके अंतर्गत पत्र, अनुच्छेद, निबंध, कहानी आदि के लिखने के ढंग एवं अपठित गद्यांश देकर छात्रों में मौखिक तथा लिखित दोनों रूप से अभिव्यक्ति की सृजनात्मक शक्ति के विकास का प्रयास किया गया है।

आशा है यह पुस्तक श्रृंखला विद्यार्थियों के लिए रुचिकर और उपयोगी सिद्ध होगी। पुस्तक को और अधिक उपयोगी बनाने के लिए सहायक शिक्षक बंधु एवं विद्वान मित्रों के सुझावों का सहर्ष स्वागत किया जाएगा।

**–प्रकाशक**

# विषय-सूची

| | | |
|---|---|---|
| 1. | भाषा और व्याकरण | 5 |
| 2. | वर्ण और वर्णमाला | 7 |
| 3. | स्वरों की मात्राएँ | 11 |
| 4. | शब्द-विचार | 14 |
| 5. | वाक्य | 16 |
| 6. | संज्ञा | 19 |
| 7. | लिंग | 23 |
| 8. | वचन | 27 |
| 9. | सर्वनाम | 33 |
| 10. | विशेषण | 37 |
| 11. | क्रिया | 41 |
| 12. | शब्दों के शुद्ध रूप | 44 |
| 13. | पर्यायवाची (समानार्थक) शब्द | 46 |
| 14. | विलोम (विपरीतार्थक) शब्द | 48 |
| 15. | अनेक शब्दों के लिए एक शब्द | 51 |
| 16. | पशु-पक्षियों की बोलियाँ | 52 |
| 17. | निबंध-लेखन | 53 |
| 18. | कहानी-लेखन | 55 |



# 1 भाषा और व्याकरण
## (Language and Grammar)

### भाषा (Language)

मनुष्य अपनी बातों एवं विचारों को बोलकर या लिखकर प्रकट करता है। बोलकर या लिखकर अपने विचार प्रकट करने के रूप को 'भाषा' कहते हैं।



भाषा के दो रूप होते हैं–

1. **मौखिक भाषा (Oral Language) :** बोलने और सुनने की भाषा को 'मौखिक भाषा' कहते हैं।



2. **लिखित भाषा (Written Language) :** लिखकर विचार प्रकट करने को 'लिखित भाषा' कहते हैं।

**याद रखिए**

हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है। 14 सितंबर, 1949 को यह राजभाषा के रूप में स्वीकारी गई थी।

### व्याकरण (Grammar)

बोलने व लिखने में भाषा शुद्ध होनी चाहिए। इसके लिए कुछ नियम बनाए गए हैं। भाषा को शुद्ध रखने के नियमों को 'व्याकरण' कहते हैं।

**हमने सीखा.....**

- बोलकर या लिखकर अपने विचार प्रकट करने के रूप को 'भाषा' कहते हैं।
- जब हम बोलकर अपने विचार दूसरों को सुनाते हैं, तो उसे 'मौखिक भाषा' कहते हैं।
- जब हम लिखकर अपने विचार दूसरों को प्रकट करते हैं, तो उसे 'लिखित भाषा' कहते हैं।
- भाषा को शुद्ध करने के नियमों को 'व्याकरण' कहते हैं।

# अभ्यास
## Exercise

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए—**

(क) भाषा किसे कहते हैं?

______________________________

______________________________

(ख) भाषा के कितने रूप हैं?

______________________________

______________________________

(ग) व्याकरण की परिभाषा लिखिए।

______________________________

______________________________

**2. चित्र देखकर भाषा के रूप लिखिए—**



______________



______________

# 2

# वर्ण और वर्णमाला
## (Letter and Alphabet)

निम्नलिखित चित्रों को देखकर उनके नाम पढ़िए–



कमल



नल



फल

इन्हें बोलने में हमारे मुँह से कुछ छोटी-छोटी ध्वनियाँ निकलती हैं; जैसे–क + म + ल, न + ल, फ + ल।

बोलने में मुँह से निकलने वाली सबसे छोटी ध्वनियों को 'अक्षर' कहते हैं।

अक्षर के लिखित रूप को 'वर्ण' कहते हैं। प्रयोग में वर्ण को अक्षर भी कहते हैं।

किसी भाषा के वर्ण-समूह को 'वर्णमाला' कहते हैं।

हिंदी वर्णमाला में कुल 52 वर्ण (अक्षर) होते हैं।

वर्णमाला के दो भेद हैं–

1. स्वर (Vowels) 2. व्यंजन (Consonants)

**1. स्वर (Vowels) :** जिन वर्णों का उच्चारण बिना किसी ध्वनि की सहायता से हो सके, उन्हें 'स्वर' कहते हैं। हिंदी वर्णमाला में ग्यारह (11) स्वर होते हैं।

अ आ इ ई उ ऊ ऋ ए ऐ ओ औ

- अं और अः ऐसे वर्ण हैं जो न स्वर हैं और न ही व्यंजन।
- अं को 'अनुस्वार' और अः को 'विसर्ग' कहते हैं।

**2. व्यंजन (Consonants) :** जो वर्ण स्वरों की सहायता से बोले जाते हैं, उन्हें 'व्यंजन' कहते हैं।

हिंदी वर्णमाला में तैंतीस (33) व्यंजन होते हैं।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क | ख | ग | घ | ङ |
| च | छ | ज | झ | ञ |
| ट | ठ | ड | ढ | ण |
| त | थ | द | ध | न |
| प | फ | ब | भ | म |
| य | र | ल | व | |
| श | ष | स | ह | |

- प्रत्येक व्यंजन में 'अ' जुड़ा होता है।
- 'ड़' और 'ढ़' अतिरिक्त वर्ण हैं।
- 'ड़' और 'ढ़' का प्रयोग शब्दों के शुरू में नहीं होता है।

**संयुक्त व्यंजन (Joint Consonants)**—एक से अधिक व्यंजनों से मिलकर बने वर्ण 'संयुक्त व्यंजन' कहलाते हैं; जैसे–

क्ष त्र ज्ञ श्र

ये व्यंजन निम्नलिखित व्यंजनों के मेल से बनते हैं–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्ष | → | क् | + | ष |
| त्र | → | त् | + | र |
| ज्ञ | → | ज् | + | ञ |
| श्र | → | श् | + | र |

**याद रखिए**

दो व्यंजनों के जोड़ने पर जो वर्ण बनता है, वह 'संयुक्त व्यंजन' कहलाता है।

**द्वित्व व्यंजन (Dual Consonants)**—जब दो एक जैसे व्यंजनों का योग होता है, तो वे 'द्वित्व व्यंजन' कहलाते हैं; जैसे–क्क, म्म, च्च, न्न, त्त आदि।

| | | | |
|---|---|---|---|
| क् + क = क्क | म् + म = म्म | च् + च = च्च | द् + व = द्व/द्व |
| द् + ध = द्ध/द्ध | द् + य = द्य/द्य | ट् + ट = ट्ट/ट्ट | |

## हमने सीखा.....

- मुँह से निकलने वाली ध्वनियाँ 'वर्ण' कहलाती हैं।
- किसी भाषा के वर्ण-समूह को 'वर्णमाला' कहते हैं।
- वर्ण दो प्रकार के होते हैं–'स्वर' और 'व्यंजन'।
- एक से अधिक व्यंजनों से मिलकर बने वर्ण 'संयुक्त व्यंजन' कहलाते हैं।

# अभ्यास EXERCISE

**1. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाइए—**

(क) हिंदी वर्णमाला में कितने स्वर हैं?

(i) 11 ◯ (ii) 12 ◯ (iii) 13 ◯

(ख) हिंदी वर्णमाला में कितने व्यंजन हैं?

(i) 33 ◯ (ii) 34 ◯ (iii) 35 ◯

(ग) इनमें से कौन-सा वर्ण स्वर नहीं है?

(i) अ ◯ (ii) फ ◯ (iii) ई ◯

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए—**

(क) वर्ण की परिभाषा लिखिए।

______________________________

______________________________

(ख) व्यंजन किन्हें कहते हैं?

______________________________

______________________________

(ग) संयुक्त व्यंजन कौन-से हैं?

______________________________

______________________________

**3. संयुक्त व्यंजनों से बनने वाले दो-दो शब्द लिखिए—**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क् | + | ष | = | क्ष | ________ | ________ |
| त् | + | र | = | त्र | ________ | ________ |
| ज् | + | ञ | = | ज्ञ | ________ | ________ |
| श् | + | र | = | श्र | ________ | ________ |

**4. नीचे स्वर और व्यंजन आपस में मिल गए हैं। इन्हें अलग-अलग लिखिए—**

क आ घ
ग उ इ
ट ए च
ऊ फ ओ
छ ए

| स्वर | व्यंजन |
|---|---|
| ________ | ________ |
| ________ | ________ |
| ________ | ________ |
| ________ | ________ |
| ________ | ________ |
| ________ | ________ |
| ________ | ________ |

**5. छूटे हुए व्यंजन वर्ण क्रम में लिखिए और शुद्ध उच्चारण के साथ पढ़िए—**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क | ______ | ______ | घ | ______ |
| च | ______ | ______ | झ | ______ |
| ट | ______ | ______ | ______ | ण |
| ______ | ______ | द | ______ | न |
| प | ______ | ______ | भ | ______ |
| य | ______ | ल | ______ | |
| ______ | ष | ______ | ह | |

**शिक्षण-संकेत**

वर्णों के शुद्ध उच्चारण का अभ्यास कराएँ, जिससे शब्दों के लिखने-पढ़ने में मात्राओं की अशुद्धियाँ न हों।

# 3

# स्वरों की मात्राएँ
## (Signs of Vowels)

स्वर जब व्यंजनों से जुड़ते हैं तो उनका स्वरूप बदल जाता है। स्वर के इस बदले हुए स्वरूप को 'मात्रा' कहते हैं।

हिंदी वर्णमाला में 10 मात्राएँ होती हैं।

| स्वर | मात्रा | प्रयोग |
|---|---|---|
| आ | ा | गाय |
| इ | ि | किताब |
| ई | ी | इमली |
| उ | ु | पुल |
| ऊ | ू | चूहा |
| ऋ | ृ | मृग |

| स्वर | मात्रा | प्रयोग |
|---|---|---|
| ए | े | केला |
| ऐ | ै | बैल |
| ओ | ो | कोयल |
| औ | ौ | कौआ |
| अं | ं | बंदर |
| अः | ः | नमः |

अनुस्वार ( ं ) : अनुस्वार का चिह्न बिंदु के रूप में व्यंजन के ऊपर लगता है; जैसे–पंख, अंक, शंख आदि।

अनुनासिक ( ँ ) : अनुनासिक का चिह्न चंद्रबिंदु के रूप में व्यंजन के ऊपर लगता है; जैसे–चाँद, बाँस, साँप आदि।

विसर्ग (ः) : विसर्ग का चिह्न दो बिंदुओं के रूप में व्यंजन के बाद लगता है; जैसे–अतः, नमः, दुःख आदि।

### याद रखिए

- 'अ' की कोई मात्रा नहीं होती।
- र के साथ उ और ऊ की मात्राएँ इस प्रकार लगाई जाती हैं–
  र + ु = रु (जैसे–रुपया), र + ू = रू (जैसे–रूप)

## हमने सीखा.....

- स्वरों के व्यंजनों के साथ मिलकर उनके बदले हुए रूप को 'मात्रा' कहते हैं।
- 'अ' की कोई मात्रा नहीं होती।
- हिंदी वर्णमाला में 10 मात्राएँ होती हैं।

# अभ्यास
## Exercise

**1. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाइए—**

(क) 'औ' का मात्रा चिह्न है–

(i) ौ ◯ (ii) ा ◯ (iii) ो ◯

(ख) 'ई' का मात्रा चिह्न है–

(i) ` ◯ (ii) ै ◯ (iii) ी ◯

(ग) 'ऋ' का मात्रा चिह्न है–

(i) ः ◯ (ii) ृ ◯ (iii) ʿ ◯

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए—**

(क) मात्रा किसे कहते हैं?

______________________________________________

______________________________________________

(ख) अनुनासिक का चिह्न कैसे लगता है?

______________________________________________

______________________________________________

**3. व्यंजनों के साथ स्वरों की मात्राएँ लगाकर नए वर्ण जोड़ते हुए शब्द बनाइए—**

झ + ऊ = झू झूला

फ् + ऊ = ______ ______

न् + ऋ = ______ ______

क् + ई = ______ ______


त् + आ = ______ ______

र् + ऊ = ______ ______


भ् + आ = ______ ______

ठ् + उ = ______ ______

**4.** **वर्णों पर उचित स्थान पर मात्राएँ लगाकर नाम पूरे कीजिए—**



तरब_ज




कला




खरग_श



अ_म




मछल_




पत_ग

**5.** **चित्रों को देखकर स्वरों के चिह्नों (मात्राओं) को लगाकर उनके नाम लिखिए—**



ग् + आ + य् + अ

__________



ह् + आ + थ् + ई

__________




श् + ए + र् + अ

__________



क्+अ+म्+अ+ल्+अ

__________



ह्+इ+र्+अ+न्+अ

__________



र् + आ + न् + ई

__________


# 4 शब्द-विचार
## (Etymology)

वर्ण भाषा की सबसे छोटी इकाई है और शब्द वर्ण से बड़ी इकाई है। दो या दो से अधिक वर्णों के मेल से एक 'शब्द' बनता है। प्रत्येक शब्द का एक निश्चित अर्थ होता है।



घ + र

घर



म + ट + र

मटर



ब + र + ग + द

बरगद

अतः दो या दो से अधिक वर्ण मिलकर जब एक अर्थ वाले नाम का बोध कराते हैं, तो वे 'शब्द' कहलाते हैं।

शब्द दो प्रकार के होते हैं–

**1. सार्थक शब्द (Meaningful Words) :** जिन शब्दों का कोई अर्थ होता है, उन्हें 'सार्थक शब्द' कहते हैं; जैसे–चावल, रोटी, दाल, पानी आदि।

**2. निरर्थक शब्द (Meaningless Words) :** जिन शब्दों का कोई अर्थ नहीं होता है, उन्हें 'निरर्थक शब्द' कहते हैं; जैसे–वावल, वोटी, वाल, वानी आदि।

बोलते समय कभी-कभी हम सार्थक शब्दों के साथ निरर्थक शब्दों का भी प्रयोग करते हैं; जैसे–चावल-वावल, पानी-वानी आदि।

**याद रखिए**

निरर्थक शब्दों का प्रयोग सदैव सार्थक शब्दों के साथ ही किया जाता है।

## हमने सीखा.....

- वर्ण भाषा की सबसे छोटी इकाई है।
- शब्द भाषा की वर्ण से बड़ी इकाई है।
- प्रत्येक शब्द का एक निश्चित अर्थ होता है।
- शब्द दो प्रकार के होते हैं– 'सार्थक' और 'निरर्थक'।

# अभ्यास
## Exercise

**1. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाइए—**

(क) इनमें से सार्थक शब्द है–

(i) पानी ◯ (ii) वींटी ◯ (iii) वानी ◯

(ख) इनमें से निरर्थक शब्द है–

(i) चावल ◯ (ii) टहनी ◯ (iii) वावल ◯

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए—**

(क) शब्द किसे कहते हैं?

______________________________

______________________________

(ख) सार्थक शब्द किन्हें कहते हैं?

______________________________

______________________________

(ग) निरर्थक शब्द किन्हें कहते हैं?

______________________________

______________________________

**3. नीचे दिए गए वर्णों को सही क्रम में लगाकर सार्थक शब्द बनाइए—**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| य | ल | को | कोयल | लौ | खि | ना | ________ |
| क | री | ब | ________ | म | ड़ी | लो | ________ |

# 5 वाक्य
## (Sentence)

जिस प्रकार वर्णों का सही जगह प्रयोग करने से शब्द बनते हैं, उसी प्रकार वाक्य बनाने में शब्दों का सही जगह प्रयोग करना ज़रूरी है; जैसे–

रही घास है गाय खा।

ऊपर दिए गए शब्दों के समूह में सभी शब्द तो ठीक हैं, परंतु शब्दों को सही जगह पर नहीं रखा गया है इसीलिए यह वाक्य नहीं कहलाएगा। अब इन शब्दों को सही क्रम में रखते हैं–

गाय घास खा रही है।

अतः, शब्दों का वह सार्थक समूह जिससे पूर्ण अर्थ समझ में आ जाए, 'वाक्य' कहलाता है। वाक्य भाषा की एक सार्थक इकाई है; जैसे–



रवि + विद्यालय + जा + रहा + है + ।



घोड़ा + दौड़ता + है + ।



मोर + नाच + रहा + है + ।

### ध्यान दीजिए–

प्रत्येक वाक्य के अंत में पूर्ण विराम (।) अथवा प्रश्नवाचक चिह्न (?) का प्रयोग होता है। यदि वाक्य में कोई प्रश्न पूछा जाता है, तो उसके अंत में प्रश्नवाचक चिह्न (?) का प्रयोग होता है; जैसे–

1. क्या घोड़ा दौड़ता है?
2. क्या रवि विद्यालय जा रहा है?
3. क्या मोर नाच रहा है?
4. क्या गाय घास खा रही है?

## हमने सीखा.....

- शब्दों को मिलाकर वाक्य बनते हैं।
- वाक्य भाषा की तीसरी बड़ी इकाई है।
- जब वाक्य में कोई प्रश्न पूछा जाता है, तो उसके अंत में प्रश्नवाचक चिह्न लगाते हैं।

# अभ्यास EXERCISE

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए—**

(क) वाक्य किसे कहते हैं?

_______________________________________________

_______________________________________________

(ख) जब वाक्य में कोई प्रश्न पूछा जाए, तो उसके अंत में कौन-सा चिह्न लगेगा?

_______________________________________________

_______________________________________________

**2. निम्नलिखित शब्दों के समूह में जो वाक्य हैं, उनके सामने (✓) का तथा जो वाक्य नहीं हैं, उनके सामने (✗) का चिह्न लगाइए—**

(क) तुम क्या करते हो? ◯

(ख) समीर फुटबॉल खेलता है। ◯

(ग) देती है दूध गाय। ◯

(घ) हमें प्रातःकाल जल्दी उठना चाहिए। ◯

(ङ) जा रहा है पंकज घर। ◯

(च) हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है। ◯

(छ) है नाच रहा मोर। ◯

(ज) जाती है पिंकी पाठशाला। ◯

3. **निम्नलिखित शब्दों को सही क्रम में लिखकर वाक्य बनाइए—**

(क) रघु है पढ़ता किताब।

_______________

(ख) वन है में दहाड़ता शेर।

_______________

(ग) पश्चिम में छिपता सूरज है।

_______________

(घ) पी पानी रहा हाथी है।

_______________

(ङ) पर है पेड़ बंदर।

_______________

4. **निम्नलिखित वाक्यों के अंत में पूर्ण विराम (।) अथवा प्रश्नवाचक चिह्न (?) लगाकर वाक्यों को पुनः लिखिए—**

(क) तोता हरे रंग का होता है

_______________

(ख) तुम क्या कर रहे हो

_______________

(ग) क्या वह नाच रही है

_______________

(घ) शेर जंगल का राजा है

_______________

(ङ) मोर जंगल में नाच रहा है

_______________

**शिक्षण-संकेत**

बच्चों को शुद्ध वाक्य-निर्माण के बारे में बताएँ। साथ ही उन्हें शब्द, वर्ण व वाक्य में अंतर उदाहरण के साथ बताएँ।

# 6

# संज्ञा

## (Noun)

इस संसार में कोई भी ऐसी वस्तु नहीं है जिसका कोई नाम न हो। इसी नाम से उस वस्तु की पहचान होती है। किसी वस्तु, व्यक्ति, स्थान और भाव के नाम को 'संज्ञा' कहते हैं।




बस




महात्मा गांधी




घड़ी



गुलाब




हाथी



कार




विद्यालय



सेब

बस, महात्मा गांधी, घड़ी, गुलाब, हाथी, कार, विद्यालय, सेब आदि संज्ञा के उदाहरण हैं।

अतः, जो शब्द किसी वस्तु, व्यक्ति, स्थान, भाव आदि के नाम का बोध कराते हैं, उन्हें 'संज्ञा' कहते हैं।

**याद रखिए**
संज्ञा का अर्थ 'नाम' होता है।

# संज्ञा के अंतर्गत आने वाले नाम

## 1. प्राणियों के नाम



पुरुष




स्त्री



मछली



चिड़िया



गाय



मोर



कुत्ता



बकरी


## 2. विशेष नाम



ताजमहल



लाल किला



महात्मा गांधी



जवाहर लाल नेहरू



कुतुब मीनार



कबीरदास



हिमालय पर्वत




गंगा

## 3. वस्तुओं के नाम


साइकिल


घड़ी


कार


बस

## 4. अवस्था या भाव के नाम


हँसी


दुःख


बचपन


बुढ़ापा

## 5. स्थानों के नाम



अस्पताल


रेलवे स्टेशन



विद्यालय


गिरजाघर

### हमने सीखा.....

- प्रत्येक प्राणी, वस्तु अथवा स्थान का कोई-न-कोई नाम अवश्य होता है।
- किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान अथवा भाव के नाम को 'संज्ञा' कहते हैं।

# अभ्यास
## Exercise

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए—**

(क) संज्ञा किसे कहते हैं?

______________________________

______________________________

(ख) किन्हीं तीन वस्तुओं के नाम लिखिए।

(i) ________ (ii) ________ (iii) ________

(ग) किन्हीं तीन स्थानों के नाम लिखिए।

(i) ________ (ii) ________ (iii) ________

**2. निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए—**

(क) वह सदा क्रोध में रहती है। ________

(ख) लखनऊ उत्तर प्रदेश की राजधानी है। ________

(ग) ताजमहल आगरा में है। ________

(घ) गाय दूध देती है। ________

(ङ) राजीव खेल रहा है। ________

**3. शरीर के नौ अंगों के नाम लिखिए—**

________ ________ ________

________ ________ ________

________ ________ ________

**4. नाम लिखिए—**

स्वयं का ________ अपने पापा का ________

अपनी मम्मी का ________ अपने विद्यालय का ________

अपने भाई या बहन का ________ अपने प्रिय खेल का ________

# 7

# लिंग
## (Gender)

शब्दों का जो रूप पुरुष जाति एवं स्त्री जाति का ज्ञान कराए, उसे 'लिंग' कहते हैं। अर्थात् स्त्री या पुरुष की पहचान कराने वाले शब्द को लिंग कहते हैं।

| पुरुष–जाति | |
|---|---|
| लड़का | राजा |
| बैल | मुर्गा |


| स्त्री–जाति | |
|---|---|
| लड़की | रानी |
| गाय | मुर्गी |

## लिंग के प्रकार (Kinds of Gender)

लिंग दो प्रकार के होते हैं–

1. पुल्लिग (Masculine Gender) 2. स्त्रीलिंग (Feminine Gender)

**1. पुल्लिग (Masculine Gender) :** जिन शब्दों से पुरुष जाति का बोध होता है, वे 'पुल्लिग' कहलाते हैं; जैसे–बकरा, मोर, शेर, बैल, लड़का आदि।


बकरा


मोर


शेर


बैल



लड़का

**2. स्त्रीलिंग (Feminine Gender) :** जिन शब्दों से स्त्री जाति का बोध होता है, वे 'स्त्रीलिंग' कहलाते हैं; जैसे–बकरी, मोरनी, शेरनी, गाय, लड़की आदि।


बकरी


मोरनी


शेरनी


गाय


लड़की

नीचे कुछ पुल्लिग और उनके स्त्रीलिंग शब्द दिए गए हैं। इन्हें याद कीजिए।

| पुल्लिग | स्त्रीलिंग | पुल्लिग | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|---|
| पिता | माता | हाथी | हथिनी |
| लड़का | लड़की | शिक्षक | शिक्षिका |
| मोर | मोरनी | चूहा | चुहिया |
| भाई | बहन | दास | दासी |
| दूल्हा | दुल्हन | कुत्ता | कुतिया |
| बेटा | बेटी | वर | वधू |
| नौकर | नौकरानी | महोदय | महोदया |
| नायक | नायिका | गायक | गायिका |
| मामा | मामी | जेठ | जेठानी |
| दादा | दादी | मुर्गा | मुर्गी |
| राजा | रानी | बालक | बालिका |
| चाचा | चाची | आदमी | औरत |
| शेर | शेरनी | हिरन | हिरनी |
| छात्र | छात्रा | कवि | कवयित्री |
| नर | मादा | नाग | नागिन |
| नाना | नानी | श्रीमान | श्रीमती |
| ऊँट | ऊँटनी | मौसा | मौसी |
| बछड़ा | बछिया | बूढ़ा | बुढ़िया |

## हमने सीखा.....

- पुरुष और स्त्री जाति का अलग-अलग बोध कराने वाले शब्द 'लिंग' कहलाते हैं।
- जिस शब्द से पुरुष जाति का बोध हो, उसे 'पुल्लिंग' कहते हैं।
- जिस शब्द से स्त्री जाति का बोध हो, उसे 'स्त्रीलिंग' कहते हैं।

# अभ्यास
## Exercise

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए—**

(क) लिंग किसे कहते हैं?

_______________________________________________

_______________________________________________

(ख) लिंग कितने प्रकार के होते हैं?

_______________________________________________

_______________________________________________

(ग) पुल्लिग किसे कहते हैं?

_______________________________________________

_______________________________________________

(घ) स्त्रीलिंग किसे कहते हैं?

_______________________________________________

_______________________________________________

**2. नीचे दिए गए शब्दों में से पुल्लिग और स्त्रीलिंग शब्दों को चुनकर अलग-अलग लिखिए—**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दासी | छात्र | पिता | गायक | रानी | सेवक | बकरी |
| पुत्री | माता | शिक्षिका | शेर | नौकरानी | बेटा | नायक |

| पुल्लिग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |
| ____________ | ____________ |

**3. रिक्त स्थानों में सही शब्द छाँटकर लिखिए—**

(क) ______________ पढ़ा रही है। *(लड़का/लड़की)*

(ख) ______________ कपड़े धो रहा है। *(धोबी/धोबिन)*

(ग) ______________ दहाड़ रही है। *(शेर/शेरनी)*

(घ) ______________ पढ़ा रहे हैं। *(अध्यापक/अध्यापिका)*

(ङ) ______________ शोर मचा रहे हैं। *(लड़कियाँ/लड़के)*

**4. निम्न शब्दों के लिंग बदलिए—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बकरी | ______________ | बैल | ______________ |
| कुत्ता | ______________ | अध्यापक | ______________ |
| हिरन | ______________ | श्रीमती | ______________ |
| नाना | ______________ | माता | ______________ |
| महोदया | ______________ | मुर्गा | ______________ |

**5. चित्रों को पहचानकर उनके नाम और लिंग लिखिए—**






| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| नाम | ______ | ______ | ______ | ______ |
| लिंग | ______ | ______ | ______ | ______ |











| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| नाम | ______ | ______ | ______ | ______ |
| लिंग | ______ | ______ | ______ | ______ |

# 8

# वचन
## (Number)

वचन किसी वस्तु के एक या एक से अधिक होने की जानकारी प्रदान करता है। अथवा, शब्दों के जिस रूप से उसकी संख्या के विषय में जानकारी प्राप्त हो, उसे 'वचन' कहते हैं।


| संख्या में एक | संख्या में एक से अधिक |
|---|---|
|  लड़की |  लड़कियाँ |
|  पुस्तक |  पुस्तकें |
|  घोड़ा |  घोड़े |
|  लड़का |  लड़के |
|  केला |  केले |

# वचन के भेद (Kinds of Number)

वचन के दो भेद होते हैं–

1. एकवचन (Singular Number)  2. बहुवचन (Plural Number)

**1. एकवचन (Singular Number) :** जिस शब्द से किसी संज्ञा के एक होने का पता चले, उसे 'एकवचन' कहते हैं; जैसे– केला, लड़का, घोड़ा, पुस्तक आदि।



केला



लड़का




घोड़ा



पुस्तक


**2. बहुवचन (Plural Number) :** जिस शब्द से किसी संज्ञा के एक से अधिक होने का पता चले, उसे 'बहुवचन' कहते हैं; जैसे– केले, लड़के, घोड़े, पुस्तकें आदि।




केले



लड़के



घोड़े



पुस्तकें

### याद रखिए

हम जिसका आदर करते हैं; वह चाहे एक हो फिर भी हम उसके प्रति शब्द के बहुवचन रूप का प्रयोग करते हैं।

नीचे एकवचन और बहुवचन के कुछ उदाहरण दिए गए है। इन्हें याद कीजिए।

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| पंखा | पंखे |
| बच्चा | बच्चे |

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| सड़क | सड़कें |
| गाड़ी | गाड़ियाँ |

| एकवचन | बहुवचन | एकवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| छड़ी | छड़ियाँ | कुत्ता | कुत्ते |
| झंडा | झंडे | टोपी | टोपियाँ |
| माला | मालाएँ | पेंसिल | पेंसिलें |
| दवात | दवातें | तारा | तारे |
| घड़ी | घड़ियाँ | संतरा | संतरे |
| साइकिल | साइकिलें | दिशा | दिशाएँ |
| बिल्ली | बिल्लियाँ | कौआ | कौए |
| रुपया | रुपये | रानी | रानियाँ |
| नदी | नदियाँ | दुकान | दुकानें |
| किताब | किताबें | चिड़िया | चिड़ियाँ |
| बुड्ढा | बुड्ढे | कलम | कलमें |
| रात | रातें | झूला | झूले |
| चीता | चीते | ताला | ताले |
| चूहा | चूहे | आँख | आँखें |
| डिब्बा | डिब्बे | दासी | दासियाँ |
| पत्ता | पत्ते | कली | कलियाँ |

## हमने सीखा.....

- शब्दों के जिस रूप से उसकी संख्या के विषय में जानकारी प्राप्त हो, उसे 'वचन' कहते हैं।
- जिस शब्द से किसी संज्ञा के एक होने का पता चले, उसे 'एकवचन' कहते हैं।
- जिस शब्द से किसी संज्ञा के एक से अधिक होने का पता चले, उसे 'बहुवचन' कहते हैं।

# अभ्यास
## Exercise

**1. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाइए—**

(क) इनमें से एकवचन रूप है–

(i) बच्चा (ii) लड़के (iii) दासियाँ

(ख) इनमें से बहुवचन रूप है–

(i) लड़कियाँ (ii) कुत्ता (iii) नौकर

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए—**

(क) वचन किसे कहते हैं?

_______________________________________________

_______________________________________________

(ख) वचन कितने प्रकार के होते हैं?

_______________________________________________

_______________________________________________

(ग) एकवचन किसे कहते हैं? उदाहरण दीजिए।

_______________________________________________


_______________________________________________


(घ) बहुवचन किसे कहते हैं? उदाहरण दीजिए।

_______________________________________________

_______________________________________________


**3. वचन के अनुसार चित्रों के नाम लिखिए—**



_______________


_______________


_______________


_______________

**4.** **निम्नलिखित शब्दों को बहुवचन में बदलिए—**

| शब्द | बहुवचन |
|---|---|
| (क) तितली | __________ |
| (ख) घंटी | __________ |
| (ग) बिल्ली | __________ |
| (घ) गाड़ी | __________ |
| (ङ) माला | __________ |
| (च) आँख | __________ |
| (छ) कहानी | __________ |
| (ज) तारा | __________ |

**5.** **निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन शब्दों के वचन लिखिए—**

(क) कौआ उड़ रहा है। __________

(ख) बगीचे में सुंदर फूल खिले हैं। __________

(ग) सोहन के पास दस रूपये हैं। __________

(घ) मोर नाच रहा है। ____________________

(ङ) कुत्ते भौंक रहे हैं। ____________________

(च) लड़कियाँ नाच रही हैं। ____________________

**6.** **कोष्ठक में दिए गए शब्दों के बहुवचन रूप रिक्त स्थानों में भरकर वाक्यों को पूर्ण कीजिए—**

(क) ____________________ हरी मिर्च खा रहे हैं। *(तोता)*

(ख) ____________________ नदी में तैर रही हैं। *(बतख)*

(ग) ____________________ आकाश में उड़ रही हैं। *(चिड़िया)*

(घ) ____________________ पाठशाला जा रहे हैं। *(बच्चा)*

(ङ) ____________________ घास चर रही हैं। *(बकरी)*

(च) ____________________ धूप में बैठी हैं। *(लड़की)*

**7.** **निम्नलिखित शब्दों में से एकवचन और बहुवचन को अलग-अलग छाँटकर लिखिए—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रातें | संतरा | कली | कलमें | रुपये | नदी |
| मिठाइयाँ | बातें | किताब | पकौड़े | पतंग | घड़ी |
| भाषाएँ | घोड़े | गुड़ियाँ | चुहिया | मुर्गा | केला |

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| ____________________ | ____________________ |
| ____________________ | ____________________ |
| ____________________ | ____________________ |
| ____________________ | ____________________ |
| ____________________ | ____________________ |
| ____________________ | ____________________ |
| ____________________ | ____________________ |
| ____________________ | ____________________ |
| ____________________ | ____________________ |

# 9

# सर्वनाम
## (Pronoun)

निम्नलिखित वाक्यों को ध्यान से पढ़िए–

| | | | |
|---|---|---|---|
| *उदाहरण–* | **1.** | प्रिया अच्छा नाचती है। | प्रिया मेरी दोस्त है। |
| | | रवि फुटबॉल खेलता है। | रवि एक अच्छा खिलाड़ी है। |
| | | गाय एक पालतू पशु है। | गाय मीठा दूध देती है। |
| *उदाहरण–* | **2.** | मीरा अच्छा नाचती है। | वह मेरी दोस्त है। |
| | | रवि फुटबॉल खेलता है। | वह एक अच्छा खिलाड़ी है। |
| | | गाय एक पालतू पशु है। | वह मीठा दूध देती है। |

उदाहरण–1 के प्रत्येक वाक्य में क्रमशः 'प्रिया', 'रवि' और 'गाय' संज्ञा शब्द आए हैं, परंतु उदाहरण–2 के दाईं ओर के वाक्यों में संज्ञा शब्द की जगह 'वह' शब्द आया है। 'वह' सर्वनाम है।

अतः, जिन शब्दों का प्रयोग संज्ञा के स्थान पर किया जाता है, उन्हें 'सर्वनाम' कहते हैं; जैसे–मैं, हम, तू, तुम, आप, यह, ये, वह, वे, कौन, क्या, कोई, कुछ, स्वयं, तुम्हें, अपना, किसे, जो।

## पढ़िए और समझिए–

**मैं/हम** मैं एक विद्यार्थी हूँ। हम कल स्कूल गए थे।

- बात कहने वाला या वाले अपने लिए 'मैं' और 'हम' शब्द का प्रयोग करते हैं।

**तू/तुम/आप** हे ईश्वर! तू बहुत दयालु है। तुम कल कहाँ गए थे?
आप कहाँ जा रहे हो?

- ईश्वर व अपने से छोटे के लिए 'तू' व 'तुम' का प्रयोग करते हैं।
- जिनसे बात कही जाती है, उनके लिए 'तू', 'तुम' या 'आप' का प्रयोग करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| यह/ये | यह मंदिर है। | ये बच्चे खेल रहे हैं। |

- निकट की संज्ञाओं के लिए 'यह' और 'ये' सर्वनामों का प्रयोग करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| वह/वे | वह बकरी है। | वे घूम रही हैं। |

- दूर की संज्ञाओं के लिए 'वह' और 'वे' सर्वनामों का प्रयोग करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| कौन/क्या | कौन आया है? | क्या खा रहे हो? |
| कोई/कुछ | कोई दरवाजे पर है। | कुछ खा लो। |
| स्वयं | नमन स्वयं ही अपना काम करता है। | |
| तुम्हें | तुम्हें कल मेरे घर आना है। | |
| अपना | हमें अपना कार्य स्वयं ही करना चाहिए। | |
| किसे | आपने आज किसे बुलाया है? | |
| जो/वह | जो जैसा करता है, वह वैसा ही भरता है। | |

**हमने सीखा.....**

- जिन शब्दों का प्रयोग संज्ञा के स्थान पर किया जाता है, उन्हें 'सर्वनाम' कहते हैं।
- निकट की संज्ञाओं के लिए 'यह' और 'ये' तथा दूर की संज्ञाओं के लिए 'वह' और 'वे' का प्रयोग होता है।

## अभ्यास EXERCISE

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए—**

(क) सर्वनाम किन्हें कहते हैं?

_______________________________________________

_______________________________________________

(ख) प्रमुख सर्वनामों के उदाहरण लिखिए।

_______________________________________________

_______________________________________________

**2. रिक्त स्थानों में उचित सर्वनाम शब्दों का प्रयोग कीजिए—**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आप | मैं | उसकी | मेरी | कौन | तुम्हें | वे | मेरा |

(क) ________ कहाँ गए हैं?

(ख) ________ माताजी बाज़ार जा रही हैं।

(ग) ________ कल दिल्ली गए थे?

(घ) ________ मेरे घर आना है।

(ङ) यह ________ पुस्तक है।

(च) ________ मन पढ़ने में लगता है।

(छ) ________ जलपान कर रही हूँ।

(ज) तुम्हें ________ बुला रहा है?

**3. निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखिए—**

(क) मैं आज बहुत खुश हूँ। ________

(ख) वह खाना बना रही है। ________

(ग) उसे जलपान दे दो। ________

(घ) यह मेरा विद्यालय है। ________

(ङ) यह हमारी गाय है। ________

(च) तुम यहाँ क्यों आए हो? ________

(छ) वह सो रही है। ________

(ज) हम आज सरकस देखने जाएँगे। ________

**4. निम्नलिखित सर्वनाम शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए—**

(क) आप ________

(ख) यह ________

(ग) मैं ________

(घ) ये ____________________

(ङ) वह ____________________

(च) तुम ____________________

(छ) वे ____________________

(ज) हम ____________________

**5. निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन शब्दों के स्थान पर उचित सर्वनाम लिखकर वाक्य पुनः लिखिए—**

(क) वह सविता है। सविता एक अच्छी लड़की है।

____________________

(ख) दीक्षा बहुत अच्छा नाचती है। दीक्षा मेरी मित्र है।

____________________

(ग) खिलाड़ी मैदान में हैं। खिलाड़ी खेल रहे हैं।

____________________

(घ) कपिल ने मैच जीता। सबने कपिल की प्रशंसा की।

____________________

(ङ) विजय एक अच्छा लड़का है। विजय मेरी कक्षा में पढ़ता है।

____________________

(च) वह दीप है। दीप पंकज का भाई है।

____________________

(छ) मोहित गाना गा रहा है। मोहित अच्छा गायक है।

____________________

(ज) बच्चे कमरे में बैठे हैं। बच्चे टी०वी० देख रहे हैं।

____________________

10

# विशेषण

(Adjective)




वह बतख सफेद है।



यह सुंदर फूल है।



यह एक बुद्धिमान लड़की है।



सेब मीठा है।

ऊपर दिए गए वाक्यों में सभी रंगीन शब्द 'सफेद', 'सुंदर', 'बुद्धिमान' और 'मीठा' किसी-न-किसी की विशेषता बता रहे हैं। अतः ये 'विशेषण' हैं।

| | | |
|---|---|---|
| बतख कैसी है? | – | सफेद |
| फूल कैसा है? | – | सुंदर |
| लड़की कैसी है? | – | बुद्धिमान |
| सेब कैसा है? | – | मीठा |

अतः जो शब्द संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता बताते हैं, उन्हें 'विशेषण' कहते हैं।

विशेषण शब्दों से व्यक्ति, वस्तु की अवस्था, दशा, वजन, गुण-दोष आदि का ज्ञान होता है।

## ध्यान दीजिए–

जिस संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताई जाती है, उसे 'विशेष्य' कहते हैं।

| विशेषण (विशेषता बताने वाले शब्द) | विशेष्य (जिन शब्दों की विशेषता बताई गई है) |
|---|---|
| सफेद | बतख |
| सुंदर | फूल |
| बुद्धिमान | लड़की |
| मीठा | सेब |
| एक लीटर | दूध |
| थोड़ा | पानी |
| चार | लड़के |

## विशेषणों के रूप


कुछ विशेषण लिंग और वचन के अनुसार अपना रूप बदल लेते हैं; जैसे–



काली कोयल



काला कौआ



काले हाथी

| | | |
|---|---|---|
| सीधा | सीधी | सीधे |
| मोटा | मोटी | मोटे |
| अच्छा | अच्छी | अच्छे |
| ऊँचा | ऊँची | ऊँचे |
| खट्टा | खट्टी | खट्टे |

| | | |
|---|---|---|
| बुरा | बुरी | बुरे |
| गहरा | गहरी | गहरे |
| नया | नई | नए |
| पतला | पतली | पतले |
| मीठा | मीठी | मीठे |

## हमने सीखा.....

- जो शब्द संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता बताते हैं, उन्हें 'विशेषण' कहते हैं।
- जिस संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताई जाती है, उसे 'विशेष्य' कहते हैं।
- कुछ विशेषण लिंग और वचन के अनुसार अपना रूप बदल लेते हैं।

# अभ्यास
## Exercise

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए—**

(क) विशेषण की परिभाषा लिखिए।

________________________________________

________________________________________

(ख) विशेष्य किसे कहते हैं?

________________________________________

________________________________________

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक विशेषण शब्द में लिखिए—**

(क) आकाश का रंग कैसा है? ____________

(ख) आपके कितने दोस्त हैं? ____________

(ग) आइसक्रीम कैसी होती है? ____________

(घ) चॉकलेट का स्वाद कैसा होता है? ____________

(ङ) कोयल की बोली कैसी होती है? ____________

(च) पांडव कितने भाई थे? ____________

**3. निम्नलिखित विशेषण शब्दों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए—**

(क) खट्टी ____________________________

(ख) मीठी ____________________________

(ग) काला ____________________________

(घ) दो दर्जन ______

(ङ) गर्म ______

(च) थोड़ा ______

**4. दिए गए वाक्यों में प्रत्येक विशेषण किसकी विशेषता बता रहा है, छाँटकर लिखिए—**

(क) वह नीली कमीज़ है। ______

(ख) हमें ठंडे जल से स्नान करना चाहिए। ______

(ग) साँप एक जहरीला जीव है। ______

(घ) मेरे पास एक लाल पेन है। ______

(ङ) बच्चों के पास रंग-बिरंगे गुब्बारे हैं। ______

(च) यह एक लंबा बाँस है। ______

**5. निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण शब्दों पर गोला बनाइए—**

(क) मेरी बहन बहुत सुंदर है।

(ख) वह दूसरी कक्षा में पढ़ता है।

(ग) कोयल मधुर गीत सुनाती है।

(घ) आम बहुत मीठा है।

(ङ) मयंक एक मोटा लड़का है।

(च) नारियल का पेड़ ऊँचा होता है।

**6. निम्नलिखित विशेषणों के सामने उचित विशेष्य लिखिए—**

(क) पतला ______ (ख) चार ______

(ग) मधुर ______ (घ) मोटा ______

(ङ) सुंदर ______ (च) लाल ______

(छ) गर्म ______ (ज) तेज ______

(झ) चतुर ______ (ञ) बड़ा ______

# 11

# क्रिया
(Verb)

निम्नलिखित वाक्य पढ़िए–



बच्चा सो रहा है।



रजनी पढ़ रही है।



चिड़िया उड़ रही है।



मम्मी खाना पका रही हैं।



बच्चा खाना खा रहा है।



बच्चे खेल रहे हैं।

उपर्युक्त वाक्यों में 'सो रहा है', 'पढ़ रही है', 'उड़ रही है', 'पका रही हैं', 'खा रहा है' और 'खेल रहे हैं' क्रिया शब्द हैं, क्योंकि इनके द्वारा काम का करना या होना पाया जा रहा है।

अतः, वाक्य में जिस शब्द से किसी काम का करना या होना ज्ञात हो, उसे 'क्रिया' कहते हैं।

जैसे–हँसना, रोना, पढ़ना, लिखना, खेलना, जाना, लड़ना, नाचना, गाना आदि।

**याद रखिए**

बिना क्रिया शब्दों के वाक्य की रचना संभव नहीं होती।

## हमने सीखा.....

- वाक्य में जिस शब्द से किसी काम का करना या होना ज्ञात हो, उसे 'क्रिया' कहते हैं।
- बिना क्रिया शब्दों के वाक्यों की रचना नहीं हो सकती।

# अभ्यास
## Exercise

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए—**

(क) क्रिया किसे कहते हैं?

______________________________

______________________________

(ख) प्रमुख क्रिया शब्दों को लिखिए।

______________________________

______________________________

**2. निम्नलिखित वाक्यों से क्रिया शब्द छाँटकर लिखिए—**

(क) क्या तुम वहाँ जाओगे? ____________

(ख) राधा गीत गा रही है। ____________

(ग) मोर बारिश में नाच रहा है। ____________

(घ) वह रो रहा है। ____________

(ङ) अमन पढ़ रहा है। ____________

(च) अब इतना मत हँसो। ____________

(छ) आप यहाँ बैठिए। ____________

**3. निम्नलिखित क्रिया शब्दों से वाक्य बनाइए—**

(क) गाना ______________________________

(ख) पढ़ना ______________________________

(ग) कूदना ______________________

(घ) जाना ______________________

(ङ) लड़ना ______________________

(च) लिखना ______________________

(छ) नहाना ______________________

**4. चित्र देखकर इनकी क्रिया लिखिए—**


______________


______________


______________


______________


______________


______________


______________


______________


______________

# 12

# शब्दों के शुद्ध रूप
## (Correct Forms of Words)

हिंदी भाषा की एक बड़ी विशेषता है–जैसा बोलना, वैसा लिखना। इसलिए लिखते समय ध्वनियों और मात्राओं आदि के उच्चारण को यदि ध्यान में रखकर लिखें तो अशुद्धियाँ कम होंगी।

### कुछ नियम भी याद रखिए–

1. ई ( ी ) और ऊ ( ू ) से समाप्त होने वाले शब्द जब बहुवचन में लिखे जाते हैं, तो वे क्रमशः इ ( ि ) व उ ( ु ) में बदल जाते हैं; जैसे–लड़ाई–लड़ाइयाँ, कहानी–कहानियाँ, हिंदू–हिंदुओं।
2. ध और द्य के उच्चारण में भेद को जानिए।
3. ( ँ ) जहाँ बोला जा रहा हो, उससे अगले अक्षर के ऊपर लिखा जाता है।

नीचे कुछ शुद्ध और अशुद्ध शब्द दिए गए हैं। ये कुछ ऐसे शब्द हैं, जिन्हें विद्यार्थी प्रायः अशुद्ध बोलते और लिखते हैं।

### शब्दों की शुद्ध रूप तालिका

| अशुद्ध | शुद्ध | अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|---|---|
| उदेश्य | उद्देश्य | परिक्षा | परीक्षा |
| श्रीमति | श्रीमती | रात्री | रात्रि |
| श्रृंगार | शृंगार | र्निमाण | निर्माण |
| वियापारी | व्यापारी | आर्शीवाद | आशीर्वाद |
| इश्वर | ईश्वर | द्रश्य | दृश्य |
| मुल्य | मूल्य | नीती | नीति |
| पूज्यनीय | पूजनीय | ग्यान | ज्ञान |
| अनुकुल | अनुकूल | कवी | कवि |

| अशुद्ध | शुद्ध | अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|---|---|
| विधालय | विद्यालय | शांती | शांति |
| अत्याधिक | अत्यधिक | रितु | ऋतु |
| रिशि | ऋषि | चरन | चरण |

# अभ्यास
## EXERCISE

**1. निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए—**

(क) परिक्षा ____________ (ख) र्निमाण ____________

(ग) कृप्या ____________ (घ) ग्यान ____________

(ङ) श्रृंगार ____________ (च) आर्शीवाद ____________

(छ) नीती ____________ (ज) अत्याधिक ____________

(झ) रितु ____________ (ञ) इश्वर ____________

(ट) विधालय ____________ (ठ) द्रश्य ____________

**2. निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन शब्दों को शुद्ध करके पुनः लिखिए—**

(क) तुम्हारे विधालय का क्या नाम है?

____________________________________________

(ख) हमें बड़ों का आर्शीवाद लेना चाहिए।

____________________________________________

(ग) इस महिने में कई बार वर्षा हुई।

____________________________________________

(घ) इस वस्तु का मुल्य बहुत अधिक है।

____________________________________________

(ङ) दर्जी कपड़े सीलता है।

____________________________________________

(च) में स्कूल जा रहा हूँ।


____________________________________________


# 13


# पर्यायवाची (समानार्थक) शब्द
(Synonyms)

जिन शब्दों के अर्थ समान होते हैं, उन्हें 'समानार्थक' या 'पर्यायवाची' शब्द कहते हैं।

| शब्द | पर्यायवाची शब्द |
| --- | --- |
| आग | अग्नि, पावक, अनल |
| आदमी | मनुष्य, मानव, व्यक्ति |
| बादल | घन, मेघ, जलद |
| बाग | वाटिका, उद्यान, बगीचा |
| आकाश | नभ, गगन, आसमान |
| गाय | गौ, गऊ, धेनु |
| फूल | पुष्प, सुमन, कुसुम |
| शेर | सिंह, वनराज, केसरी |
| राजा | नृप, नरेश, नरेंद्र |
| चाँद | चंद्रमा, इंदु, राकेश |
| आँख | नेत्र, नयन, चक्षु |
| पृथ्वी | भू, धरा, जमीन |
| पक्षी | चिड़िया,खग, विहग |
| कमल | पंकज, राजीव, सरोज |
| सूरज | सूर्य, भानु, रवि |
| हवा | वायु, पवन, समीर |
| वृक्ष | पेड़, तरु, पादप |
| जल | नीर, पानी, सलिल |





# अभ्यास
## Exercise

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए—**

(क) पर्यायवाची शब्द किन्हें कहते हैं?

______________________________

______________________________

(ख) पर्यायवाची शब्दों को अन्य किस नाम से जाना जाता है?

______________________________

______________________________

**2. प्रत्येक वर्ग में एक शब्द पर्यायवाची नहीं है। उन शब्दों पर गोला खींचिए—**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | धरती | भूमि | अचल | पृथ्वी |
| (ख) | रमणी | सिंह | वनराज | शेर |
| (ग) | अनल | आग | पावक | अनिल |
| (घ) | नीर | समीर | जल | पानी |

**3. दिए गए वाक्यों में उचित पर्यायवाची शब्द भरिए—**

(क) प्रतिदिन प्रातःकाल __________ निकलता है। *(रवि/सूरज)*

(ख) हमें __________ से दूर रहना चाहिए। *(आग/पावक)*

(ग) प्रजा __________ पर निर्भर करती है। *(नरेश/राजा)*

(घ) हमें रोज अधिक मात्रा में __________ पीना चाहिए। *(नीर/पानी)*

(ङ) आज __________ बहुत काले हैं। *(जलद/बादल)*

(च) आज ठंडी __________ चल रही है। *(हवा/समीर)*

**4. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए—**

(क) आकाश __________ __________ (ख) चाँद __________ __________

(ग) पक्षी __________ __________ (घ) आँख __________ __________

(ङ) फूल __________ __________ (च) नृप __________ __________

(छ) गाय __________ __________ (ज) कमल __________ __________

# 14

# विलोम (विपरीतार्थक) शब्द
## (Antonyms)

विलोम या विपरीतार्थक का अर्थ है– 'उल्टा अर्थ देने वाला'। अतः, जो शब्द एक-दूसरे का विपरीत अर्थ प्रकट करते हैं, 'विलोम' या 'विपरीतार्थक' शब्द कहलाते हैं।


मोटा


पतला


रात


दिन


हँसना


रोना


स्त्री


पुरुष

ऊपर दिए गए चित्रों में 'मोटा-पतला', 'रात-दिन', 'हँसना-रोना' और 'स्त्री-पुरुष' शब्द एक-दूसरे का उल्टा अर्थ बताने वाले शब्द हैं। इसलिए ये विलोम शब्द हैं।

नीचे कुछ अन्य शब्द और उनके विलोम शब्द दिए गए हैं। इन्हें याद कीजिए।

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| आकाश | पाताल |
| अधिक | कम |
| जय | पराजय |
| आशा | निराशा |

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| आदि | अंत |
| हार | जीत |
| जन्म | मरण |
| अंधकार | प्रकाश |

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| सच | झूठ |
| आग | पानी |
| देव | दानव |
| चतुर | भोला |
| एक | अनेक |
| बाहर | भीतर |
| पूरब | पश्चिम |
| राजा | रंक |
| आज | कल |
| आगे | पीछे |

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| ऊपर | नीचे |
| हानि | लाभ |
| आदर | अनादर |
| प्रश्न | उत्तर |
| उचित | अनुचित |
| सुंदर | कुरूप |
| खट्टा | मीठा |
| लंबा | छोटा |
| हर्ष | शोक |
| साकार | निराकार |

## अभ्यास
### Exercise

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए—**

(क) विलोम शब्द किन्हें कहते हैं?

______________________________

______________________________

(ख) विलोम शब्द को अन्य किस नाम से जाना जाता है?

______________________________

______________________________

**2. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए—**

| | शब्द | विलोम | | शब्द | विलोम |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | हानि | ____________ | (ख) | पूरब | ____________ |
| (ग) | उचित | ____________ | (घ) | चतुर | ____________ |

(ङ) सच ____________ (च) आगे ____________

(छ) अंधकार ____________ (ज) दिन ____________

(झ) देव ____________ (ञ) आकाश ____________

**3. निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन शब्दों के विलोम शब्दों से वाक्य पूरे कीजिए—**

(क) हमारी टीम जीत गई और विपक्ष की टीम ____________ गई।

(ख) चोर आगे दौड़ रहा है और पुलिस उसके ____________ ।

(ग) सूरज पूरब में निकलता है और ____________ में छिपता है।

(घ) राज अमीर है परंतु रोहित ____________ है।

(ङ) चूहा बिल के अंदर रहता है और बिल्ली बिल के ____________ ।

(च) सूरज दिन में निकलता है और चाँद ____________ को।

**4. दिए गए चित्रों को देखकर इनके विलोम शब्द लिखिए—**


____________


____________


____________


____________


____________


____________


____________


____________


____________

# 15

# अनेक शब्दों के लिए एक शब्द
## (One Word Substitution)

### याद कीजिए–

| | | |
|---|---|---|
| जो अपने देश का हो | – | स्वदेशी |
| जो रोगी का उपचार करता है | – | चिकित्सक |
| जो कपड़े की सिलाई करता है | – | दर्जी |
| जो लोहे का सामान बनाता है | – | लोहार |
| जो सोने का सामान बनाता है | – | सुनार |
| जो अध्यापन कार्य करता है | – | अध्यापक |
| जो चित्र बनाता है | – | चित्रकार |
| जो मूर्ति बनाता है | – | मूर्तिकार |
| जो देख न सकता हो | – | अंधा |
| जो खेती करता है | – | किसान, कृषक |
| जो दूसरों की भलाई करता है | – | परोपकारी |
| जो सुन न सकता हो | – | बहरा |
| जो बोल न सकता हो | – | गूंगा |
| जो लकड़ी का सामान बनाता है | – | बढ़ई |
| जो मिट्टी के बर्तन बनाता है | – | कुम्हार |








## अभ्यास
### Exercise

**निम्नलिखित के लिए एक शब्द लिखिए—**

(क) जो चित्र बनाता है ____________

(ख) जो लकड़ी का सामान बनाता है ____________


(ग) जो रोगी का उपचार करता है ____________

16

# पशु-पक्षियों की बोलियाँ
## (Sounds of Animals and Birds)




घोड़ा हिनहिनाता है।



ऊँट बलबलाता है।




तोता टें-टें करता है।




बकरी मिमियाती है।




चिड़िया चीं-चीं करती है।




कौआ काँव-काँव करता है।



कबूतर गुटरगूँ-गुटरगूँ करता है।



मुर्गा कुकड़ू-कूँ करता है।



हाथी चिंघाड़ता है।




कोयल कुहू-कुहू करती है।



गधा रेंकता है।



बंदर खीं-खीं करता है।



गाय रँभाती है।



कुत्ता भौंकता है।



बिल्ली म्याऊँ-म्याऊँ करती है।



शेर दहाड़ता है।

17


# निबंध-लेखन
(Essay-Writing)

## I. मेरी माँ (My Mother)




1. मेरी माँ बहुत अच्छी हैं।
2. उनका नाम श्रीमती ........... है।
3. वह बड़ों का आदर करती हैं और छोटों को प्यार करती हैं।
4. वह बहुत स्वादिष्ट खाना बनाती हैं।
5. वह अपने अतिथियों को देखकर हर्षित होती हैं।
6. मेरी मम्मी को घर के लोग और पड़ोसी भी पसंद करते हैं।

## II. मेरा घर (My House)



1. यह मेरा घर है।
2. मेरा घर बहुत सुंदर है।
3. इसमें चार कमरे हैं।
4. सभी कमरे बड़े और हवादार हैं।
5. मेरे घर के सामने एक बहुत बड़ा पार्क है।
6. मैं अपने घर को साफ़-सुथरा रखता/रखती हूँ।

## III. गाय (Cow)



1. गाय एक पालतू पशु है।
2. यह सफेद, काली, लाल या चितकबरे रंग की होती है।
3. इसके दो सींग होते हैं।
4. इसके चार पैर और एक लंबी पूँछ होती है।
5. यह घास, भूसा और खल खाती है।
6. यह हमें दूध देती है। इसका दूध बड़ा लाभदायक होता है।

# अभ्यास
## Exercise

1. **निम्न शीर्षकों में से किसी एक पर छः वाक्यों में निबंध लिखिए—**

   मेरा विद्यालय, मेरा मित्र, गाय, घोड़ा

2. **'हमारा राष्ट्रीय पक्षी' पर कुछ वाक्य लिखिए—**

3. **अपने पसंदीदा त्योहार का वर्णन कीजिए—**


# 18 कहानी-लेखन
## (Story-Writing)

कहानियाँ हमारा मनोरंजन करती हैं और ज्ञान भी बढ़ाती हैं। हम टी॰ वी॰ पर अच्छी-अच्छी कहानियाँ देखते हैं। घर पर अपने बड़ों से अच्छी-अच्छी कहानियाँ सुनते हैं। कहानी लिखना कठिन नहीं होता। आइए, कहानी लिखने से पहले एक कहानी पढ़ें।

## शेर और चूहा (Lion and Mouse)



1. एक दिन जंगल में एक शेर सो रहा था।
2. एक चूहा उसके ऊपर कूदने लगा।
3. शेर जाग गया। उसने चूहे को पकड़ लिया।
4. चूहे ने कहा–मुझे छोड़ दीजिए। मैं कभी भी आपके काम आ सकता हूँ।
5. शेर हँस पड़ा–चूहा मेरे क्या काम आएगा? यह सोचकर उसने चूहे को छोड़ दिया।



6. एक दिन शेर जाल में फँस गया। वह बहुत उछला-कूदा, परंतु जाल से न निकल पाया।
7. शेर का गरजना सुनकर चूहा बिल में से निकल आया।
8. चूहे ने जाल काट दिया।
9. शेर छूट गया और उसने चूहे को धन्यवाद किया।

**शिक्षा :** कभी किसी को छोटा नहीं समझना चाहिए।

# अभ्यास
## Exercise

**चित्र को देखकर कहानी लिखने का अभ्यास कीजिए—**



**चालाक लोमड़ी**